उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

विज्ञप्ति

संख्या– 4639 /चयन/ 280 –2019/2019–20 दिनांक 06/03/ 2020

स्पेशल अपील संख्या–1289/2018 में पारित मा0 उच्च न्यायालय के माडिफिकेशन आर्डर दिनांक 18.10.2019 के अनुपालन में सूचित करना है कि शासनादेश दिनांक 20.06.2014 के पूर्व विज्ञापन संख्या–1/2011 संस्था प्रधान के 09 मण्डल का साक्षात्कार सम्पन्न हुआ था। इसमें से केवल 03 मण्डल झॉसी, बरेली एवं देवीपाटन में साक्षात्कार से पूर्व 21 दिन की नोटिस पूर्ण थी, इसलिए इसका परिणाम तैयार करने की प्रकिया गतिमान है। शेष 06 मण्डल गोरखपुर, मुरादाबाद, चित्रकूट, मेरठ, बस्ती एवं फैजाबाद में साक्षात्कार के पूर्व 21 दिन की नोटिस पूर्ण नही पायी गयी इसलिए इसका परिणाम मा0 उच्च न्यायालय के आदेश के कम में तैयार नही हो सकता। इन मण्डलों के पूर्व में सम्पन्न साक्षात्कार निरस्त करके इन मण्डलों का पुनः साक्षात्कार कराने का निर्णय बोर्ड द्वारा लिया गया।साक्षात्कार आयोजित करने की तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

06-03-2020
उपसचिव
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।

उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

समय सारिणी

जिन मण्डलों में साक्षात्कार के पूर्व 21 दिन की नोटिस पूर्ण नही पायी गयी है उसमें साक्षात्कार के पश्चात् अन्तिम चयन परिणाम तैयार करने में लगने वाले समय का विवरण :–

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	लगने वाला समय
1	साक्षात्कार से पूर्व 21 दिन की नोटिस जिन मण्डलो में पूर्ण नही है उनका साक्षात्कार निरस्त कर विज्ञप्ति जारी करना।	बोर्ड की बैठक में अनुमोदन के उपरान्त 01 सप्ताह।
2	21 दिन का समय देते हुये साक्षात्कार की प्रकिया का आरम्भ करना।	प्रशिक्षित स्नातक/प्रवक्ता का साक्षात्कार जून में समाप्त होने की सम्भावना के दृष्टिगत जुलाई से 21 दिन बाद अर्थात जुलाई का अन्तिम सप्ताह।
3	साक्षात्कार सम्पन्न होने में लगने वाला समय	दिनांक 08 अप्रैल 2020 के पश्चात् चयन बोर्ड में एक अध्यक्ष और 01 सदस्य रह जायेंगे। इस प्रकार साक्षात्कार हेतु एक बोर्ड गठित हो सकता है। कुल 06 मण्डलों में आवेदित 1991 अभ्यर्थियो का साक्षात्कार कराने में 35 अभ्यर्थी प्रतिदिन के अनुसार कुल 57 दिन लगने की सम्भावना है। अर्थात माह अक्टूबर 2020 तक का समय।
4	साक्षात्कार के पश्चात् गुणांक एवं साक्षात्कार के अंक फीड करके मेरिट बनाने में लगने वाला समय।	साक्षात्कार समाप्ति के पश्चात् 01 माह अर्थात नवम्बर 2020 तक का समय।
5	अन्तिम चयन परिणाम तैयार करने एवं संस्था अवंटन में लगने वाला समय।	मेरिट बनने के पश्चात् 01 माह अर्थात दिसम्बर 2020 तक का समय।

06-03-2020

उपसचिव
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।